हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, गुरुवार, 30 अक्टूबर, 2025

12 सांसद ने विकास योजनाओं के लिए...



11 धन नहीं, बल्कि प्रेम एवं भक्ति ही जीवन की...



CHINAR FABRICS
Chinar Mill Showroom
चिनार मील शोरूम
नजदीक बासिया भवन, हांसी रोड, भिवानी M.: 70567-95900
महाबचत छूट
1 जैकेट ~~1599/-~~ 799/- only
1 ब्लेज़र ~~3599/-~~ 1499/- only
3 पीस सूट ~~5999/-~~ 2999/- only

## खबर संक्षेप



बवानीखेड़ा। हरियाणा भवन दिल्ली में मुख्यमंत्री से मिलते हुए नपा प्रधान सुंदर अत्री।

### नपा प्रधान ने विधायक से की शिष्टाचार भेंट

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने बीती रात हरियाणा भवन दिल्ली में मुख्यमंत्री नायब सैनी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मिलकर उन्होंने शहर के विकास के लिए चर्चा की और बताया कि अधिकारियों की नियुक्ति न होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि शहर की जनता उन्हें याद कर रही है और शहर के विकास की पुकार कर रही है।

### रावलधी बाइपास के पास हटाए अवैध निर्माण

**चरखी दादरी।** नगर योजनाकार विभाग द्वारा उपायुक्त डा मुनीश नागपाल के निर्देशानुसार अवैध निर्माण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विभाग ने रावलधी बाईपास पुल के नजदीक लगभग दस एकड़ में फैली अवैध कालोनी में लगभग छह डीपीसी व कच्चे रोड़ के अवैध निर्माण को हटाया। नगर योजनाकार विभाग के अनुसार रावलधी में रावलधी बाईपास पुल के नजदीक लगभग दस एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी से अवैध निर्माण हटाने का अभियान चलाया।



भिवानी। अवैध कॉलोनियों का निर्माण ढहाती एक जेसीबी।

### नगर योजनाकार ने तोड़ी दो अवैध कॉलोनियां

**भिवानी।** नगर योजनाकार विभाग द्वारा उपायुक्त साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार भिवानी-लोहड में अवैध निर्माण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग ने मौजा भिवानी में संजय मेमोरियल व भिवानी-रोहतक रोड़ पर सात एकड़ में फैली दो कॉलोनियों से अवैध निर्माण को हटाया।

नगर योजनाकार विभाग के अनुसार मौजा भिवानी-लोहड में संजय मेमोरियल रोड़.पर दो एकड़ में फैली एक अवैध कॉलोनी से लगभग 23 डीपीस व डिमार्केशन को तोड़ा।

## कर्मचारियों ने लौटाया मोबाइल सिम, एआर ने दिया जल्द समाधान का भरोसा

# साथी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में दिए सामूहिक इस्तीफे

*जब तक मांग पूरी नहीं होती, हड़ताल जारी रहेगी*

■ किसानों को पैक्स में खाद नहीं मिली तो जीएम होगा जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। आयोजित धरने में एकत्रित कर्मचारियों को संबोधित करते एक वक्ता।

साथी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार किए जाने तथा सस्पेंड करने के विरोध में पैक्स कर्मचारी मुखर हो गए। विरोधास्वरूप कर्मचारी धरने पर बैठ गए। इस दौरान प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में सभी कर्मचारियों ने अपने पद से सामूहिक इस्तीफा देने का घोषणा की। साथ ही पैक्स प्रबंधक द्वारा उपलब्ध करवाई गई मोबाइल सिम भी वापस लौटा दी। बाद में प्रदर्शनकारी इसी मांग को लेकर सहायत रजिस्टार से भी मिले। अधिकारी ने उनकी दो दिनों के भीतर मांग पूरी करवाए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर प्रदर्शनकारी शांत हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो जाता। तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

सुबह नौ बजे सभी पेक्स कर्मचारी मुख्यालय के बाहर पहुंच गए और धरने पर बैठ गए। पैक्स कर्मचारी वजीर सिंह व संदीप कुमार ने बताया कि जीएम ने 28 अक्टूबर को कम्प्यूटर की ट्रेनिंग को लेकर मीटिंग की थी। पर इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी जो समस्याएं रखनी चाही तो कोई सुनवाई नहीं हुई। उनकी समस्याएं सुनने की बजाए जीएम ने पैक्स प्रबंधक धर्मेन्द्र को सस्पेंड कर दिया। साथ ही पैक्स का समय शाम सात बजे तक कर दिया। इनके अलावा कई अनेक तरह की शर्ते थोप दी है।

### हड़ताल खतम नहीं हुई तो हो सकती है खाद की दिक्कत

यहां यह बताते चले कि अब अधिकांश इलाकों में पैक्स के जरिए ही किसानों को खाद उपलब्ध हो पाती है।यूरिया व डीएपी पैक्स में ही पहुंचती है। अगर पैक्स प्रबंधक हड़ताल पर चले गए तो वहां पर खाद का किस तरह से वितरण होगा।चूंकि इस वक्त खाद की जबरदस्त मांग है। फिलहाल रबी फसलों की बिजाई चल रही है। अगर खाद नहीं मिली तो किसान फसलों की बिजाई से वंचित रह जाएंगे।

### कर्मचारियों ने लगाया मानसिक तनाव देने का आरोप

संदीप कुमार ने कहा कि जिसके उनको मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां यह बताते चले कि किसानों को सशक्त करने के लिए पैक्स - प्राइमरी एग्रीकल्चर कॉरपॅरेटिव सोसायटी) की हर गांव में संचालन किया जा रहा है। जो किसानों खाद व सस्ते ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवाती हैं। इन कर्मचारियों ने बताया कि वो अपना सामूहिक इस्तीफ़ा दे रहे हैं और विभाग की सरकारी सीम वापस लौटा रहे हैं। इनका कहना है कि जब तक हमारे सस्पेंड कर्मी को बहाल नहीं किया जाता, पैक्स का समय शाम पांच बजे तक नहीं होता और कम्प्यूटर ऑपरेटर नहीं दिए जाते, तब तक उनका यू हड़ताल जारी रहेगी। साथ ही कहा कि इस दौरान किसानों को खाद ना मिलने से होने वाली परेशानी के लिए पैक्स जीएम जिम्मेवार होंगे। कर्मचारियों ने बताया कि भिवानी में पैक्स कर्मचारियों ने जीएम से बैठक में हुई अनबन को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों में इतना रोष था कि सभी ने सामूहिक इस्तीफ़ा देकर विभाग द्वारा दी गई सरकारी सीम भी लौटा दी हैं।



बहल। श्री अलख गोशाला में गायों की पूजा करते हुए गोभक्त। *फोटो : हरिभूमि*

## गो सेवा से मुक्ति और घर में समृद्धि आती: अग्रवाल

श्री अलख गोशाला और श्री अलख वृद्ध आश्रम में गो भक्तों ने किया गऊ पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

गोपाष्टमी पर्व पर श्री अलख गोशाला व श्री अलख वृद्ध आश्रम शिव मंदिर में गो पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या ने लोगों ने गऊ माता के प्रति श्रद्धा और समर्पण भाव से गायों की पूजा अर्चना की और उनको प्रसाद खिलाया।

बुधवार को श्री अलख गोशाला में लोग अपने घरों से विभिन्न खाद्य सामग्री व पूजा का सामान लेकर पहुंचे। गौसेवकों ने गायों को माथे पर तिलक लगाकर, दीप जलाकर व मोली बांधकर गायों की पूजा की। अपने घरों में तैयार किए हुए विभिन तरह के व्यंजन प्रसाद के रूप में गायों को श्रद्धा भाव से खिलाकर आशीर्वाद लिया। प्रधान गजानंद अग्रवाल ने गो भक्तों का स्वागत करते हुए कहा कि गोपाष्टमी दिन का शास्त्रों में विशेष महत्व है। गो पूजन से हर तरह के रोग, कष्ट और संकट से मुक्ति मिलती है। गो माता की सेवा से मिली कृपा से व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और सम्पन्नता आती है। इस अवसर पर सुशील चहड़िया, जयकुमार शर्मा, शिव गोस्वामी सहित अनेक गोभक्त मौजूद रहे।वहीं, श्री अलख वृद्ध आश्रम शिव मंदिर में गो पूजन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता आश्रम संचालिका साध्वी गोशिका गिरी ने की ।

## हादसों का रोड बना तोशाम-भिवानी मार्ग

■ संकरी तथा ऊंची सड़क बनने से दिन-प्रतिदिन घटित हो रहे हैं तोशाम-भिवानी मार्ग पर सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम। खाई में गिरने से क्षतिग्रस्त हुई गाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

तोशाम को भिवानी से जोड़ने वाला तोशाम-भिवानी मार्ग ऊंचा तथा संकरा होने के कारण दिन-प्रतिदिन हादसों का मार्ग बनता जा रहा है। जिसके कारण अब तक अनेक वाहन चालक काल का ग्रास भी बन चुके हैं लेकिन संबंधित विभाग, प्रशासन तथा सरकार के नुमाइंदे इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि तोशाम-भिवानी मार्ग काफी ऊंचा बना हुआ है जिसके कारण सड़क के दोनों तरफ खाईनुमा करीबन 7 से 8 फीट गहराई बन गई है और यह सड़क भी संकरी बनी हुई है लेकिन इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन बहुत ज्यादा रहता है। ऐसे में जब सड़क पर दो वाहन एक साथ गुजारते हैं तो सामने से आ रहे तीसरे वाहन के लिए विकट स्थिति बन जाती है क्योंकि वाहन सड़क से नीचे भी नहीं उतर सकता सड़क के दोनों तरफ 7 से 8 फीट गहराई बनी हुई है यदि कोई वाहन चालक अपने वाहन को जरा सा भी सड़क से नीचे उतारता है तो उसका वाहन सड़क से नीचे बने 7 से 8 फीट गहराई में जाकर गिरता है।

## शिवानी चौधरी ने यूपीएससी परीक्षा की वेटिंग सूची में स्थान हासिल कर पाई सफलता,जश्न

*सोशल मीडिया ज्ञान, जानकारी व नए अवसरों का भंडार, समझदारी से उपयोग करना जरूरी: शिवानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा



शिवानी चौधरी



अपने माता पिता के साथ स्वाति अग्रवाल।

गांव नांधा निवासी शिवानी चौधरी ने यूपीएससी परीक्षा की वेटिंग लिस्ट में सफलता हासिल की है। शिवानी की सफलता पर उन्हें बधाई देने वालों की भीड़ लगी हैं। यूपीएससी की मुख्य परीक्षा परिणाम में गांव नांधा निवासी बेटी शिवानी चौधरी ने सफलता हासिल कर नया इतिहास रचा है। उनके पिता रामसिंह सीबीआई अधिकारी हैं। शिवानी ने बताया कि अपने पिता रामसिंह से प्रेरणा ली और ये सफलता अपने नाम करने में कामयाब रही। शिवानी ने बताया कि खाली समय में घर पर रहकर पढ़ाई करती थीं। शिवानी ने कार्मल कॉन्वेंट स्कूल चंडीगढ़ से 11वीं व 12वीं तथा स्नातक राजनीति शास्त्र शिक्षा दिल्ली के प्रसिद्ध हिन्दू कॉलेज के माध्यम से दिल्ली विश्वविद्यालय से की। उन्होंने अपने भाई की तरह कानूनी शिक्षा में रुचि रखते हुए पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से एलएलबी की और बाद में घर पर रहकर यूपीएससी क्षेत्र में भविष्य संवारने का फैसला किया। शिवानी का मानना है कि सोशल मीडिया ज्ञान, जानकारी और नए अवसरों का भंडार है, लेकिन इसका उपयोग समझदारी से करना जरूरी है।

### बीडीपीओ रही स्वाती अग्रवाल को भी वेटिंग सूची में स्थान

कस्बे की पूर्व बीडीपीओ रहीं स्वाती अग्रवाल ने संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा की वेटिंग सूची में सफलता हासिल की है। उन्होंने साबित कर दिया कि लगन से असंभव कुछ नहीं है तथा मेहनत और संकल्प की मिसाल पेश कर कामयाबी हासिल की। स्वाती पहले से ही प्रशासनिक सेवा में कार्यरत थी, लेकिन उन्होंने अपने बड़े सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखा। उन्होंने बताया कि अनुशासन व समर्पण के साथ पढ़ाई की और देश की सबसे कठिन परीक्षा में स्थान हासिल किया।

### उत्तरपुस्तिका मुद्रण प्रणाली के विरोध में बैठक

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा के कर्मचारी संगठन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ द्वारा बुधवार को शिक्षा बोर्ड परिसर में द्वार सभा का आयोजन किया। द्वार सभा की अध्यक्षता प्रधान सत्यवीर सिंह स्वामी ने की तथा मंच संचालन महासचिव सोमवीर सिंह पूनिया ने किया। महासचिव सोमवीर पुनिया ने बताया कि संगठन द्वारा बार-बार विरोध दर्ज करवाने के बावजूद बोर्ड प्रशासन द्वारा मनमानी बरतते हुए उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण का कार्य गोपनीय अनुभाग को हस्तांतरित किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में यह कार्य बोर्ड गठन से लेकर वर्तमान समय तक प्रकाशन शाखा के माध्यम से करवाया जाता रहा है। अब आनन-फानन में बोर्ड बैठक में विचार-विमर्श किए बगैर मुद्रण का कार्य जिस तात्कालिता के साथ गोपनीय सैल को सौंपा दिया गया है।



भिवानी। द्वार सभा के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

### लोकतांत्रिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने में लाई जाएगी तेजी : डा. विकास कुमार

**भिवानी।** ऑल इंडिया यूथ कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता निशित कटारिया के साथ प्रदेश महासचिव डा. विकास कुमार ने दिल्ली स्थित यूथ कांग्रेस मुख्यालय पर अहम बैठक की। नवगठित जिम्मेवारी मिलने पर डा. विकास और निशित कटारिया ने मनीष शर्मा को बधाई दी और युवा मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान मनीष शर्मा ने युवा वर्ग से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने का आग्रह किया और कांग्रेस की ओर से चलाये जा रहे वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान को और अधिक गति देने पर जोर दिया। डा. विकास कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय प्रभारी के निर्देशानुसार यह अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा ताकि भाजपा की नीतियों और कार्यप्रणाली के उन पहलुओं को सार्वजनिक किया जा सके। डा. विकास ने कहा कि युवा कांग्रेस का लक्ष्य युवाओं तक पहुंच बनाकर लोकतांत्रिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाना है।

### नप टीम ने रेस्टोरेंटों का निरीक्षण कर काटे चालान

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार नगर परिषद द्वारा बैंकेट हॉल, होटल व रेस्टोरेंटों में कचरा निस्तारण के लिए निरीक्षण के साथ-साथ चालान काटने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बुधवार को नगर परिषद से स्वच्छ भारत मिशन के सिटी टीम लीडर सन्नी शर्मा ने विभिन्न रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेस्टोरेंट संचालकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की हिदायत देते हुए कहा कि वे कचरे का निपटान अपने परिसर में ही करें।

नप की टीम ने बुधवार को शहर के स्पाइस रेस्टोरेंट, दाल-चीनी रेस्टोरेंट व मुरली स्वीट्स का दौरा किया। उन्होंने यहां पर होटल-रेस्टोरेंट के मालिकों को समझाया कि यदि कोई भी व्यक्ति खुले में कचरा फेंकता या सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



भिवानी। चालान काटते नप के अधिकारी।

### एसडीएम ने नपा कर्मचारियों के साथ मिलकर हटाया अतिक्रमण, हड़कंप

**लोहारू।** बुधवार सुबह एसडीएम मनोज दलाल ने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, जिसके तहत शहर के मुख्य बाजार, पोस्ट आफिस गली, सब्जीमंडी, स्टेंड के सामने, एसबीआई गली सहित आस पास के कई सड़क मार्गों पर अभियान चलाया। प्रशासन की उक्त अभियान से दुकानदारों और रेहड़ी चालकों में हडकंप मच गया। वहीं अनेक रेहड़ी चालक दबी जुबान में प्रशासन को कोसते भी नजर आए। अभियान के दौरान अनेक लोगों ने कहा कि प्रशासन का डंडा केवल गरीब रेहड़ी वालों और खोखे चलाने वालों पर ही चलता है। एसडीएम दलाल ने कहा कि भविष्य में पुनः अतिक्रमण दिखाई दिया तो दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त कर लिया जाएगा। यातायात को प्रभावित करने वाले सडक़ों के बीचों बीच खड़े कई वाहनों के चालान भी काटे गए। बुधवार सुबह एसडीएम दलाल नपा बिल्डिंग इंस्पेक्टर राकेश के साथ सफाई कर्मचारियों के दल के साथ शहर का अतिक्रमण हटाने पहुंच गए।

**कवायद** विधायक कपूर वाल्मीकि बोले : बदलेगा नक्शा,दुधिया रोशनी से चमकेगी दादुनगरी

## दादु नगरी को पार्क की सौगात, 2.5 करोड़ से होगा निर्माण

■ शहरवासी बोले-विधायक, चेयरमैन की जोड़ी करेगी कमाल

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

''हजारों वर्ष बेनूरी अपनी किस्मत पे रोती है, बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा'' ये शेर बवानी खेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि पर स्टीक बैठता है। शहरवासी कांग्रेस सरकार के समय से पार्क की मांग उठा चुके हैं कांग्रेस सरकार में ये पास हुआ तो इसे कहीं और ले जाया गया, लेकिन बीजेपी सरकार की पिछली दो योजनाओं में भी ये मांग पूरी तो हुई लेकिन इसमें दिक्कतें आने के कारण ये सिरे नहीं चढ़ पाया। विधायक कपूर वाल्मीकि ने इस मांग को विधानसभा सत्र में भी जोर-शोर से उठाने का कार्य किया था तो नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने भी चुनावों में शहरवासियों से पार्क बनवाने का वायदा किया था और बताते हैं कि अब जल्द ही बवानी खेड़ा में लगभग दो करोड़ 40 लाख की लागत से सिटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। पार्क का निर्माण भिवानी-हांसी मार्ग पर बिजली निगम के पास महर्षि स्टेडियम के साथ लगती करीबन चार एकड़ भूमि में कराया जाएगा। जिससे शहरवासियों में खुशी का माहौल बना हुआ है।

**बच्चे से लेकर युवा, बुजुर्गों को मिलेगा लाभ :** बवानी खेड़ा में आधुनिक बनने वाले पार्क से सभी को लाभ होगा। हालांकि शहर में पहले पार्क न होने से घूमने-फिरने के लिए कोई स्थान नहीं था। जिससे लोग अपने आपको ठगा सा महसूस करते थे। विधायक कपूर वाल्मीकि ने भी विधानसभा चुनावों में साफ किया था कि पार्क, स्टेडियम सहित शहर व हलके का नक्शा बदलने का काम करेंगे। अब शहर में बनने से पार्क की कमी दूर हो जाएगी।

### पार्क में ये होंगी सुविधाएं

नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि वे विधायक कपूर वाल्मीकि संग मिलकर शहर को विकास मामले में नई दिशा देने में लगे हुए हैं। सिटी पार्क में चारदिवारी के साथ शौचालय, गार्ड सुविधा, बैठने की सुविधा, पेड़-पौधे, झूले आदि की सुविधाएं होंगी और ऑपन जिम की भी सुविधा करवाई जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि अभी ये शुरूवात है, जल्द ही विकास के मामले में शहर का नक्शा बदलेगा। वहीं शहरवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि विधायक व चेयरमैन की जोड़ी शहर को विकास मामले में नई दिशा देने का कार्य करेगी।

### सीएम के कार्य का वर्क आर्डर जारी

बताया जाता है कि बवानी खेड़ा में सिटी पार्क को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2019 में घोषणा की गई थी, जिसके लिए पार्क पर 3 करोड़ 22 लाख 81 हजार की राशि स्वीकृत की गई थी। मौजूदा दो करोड़ 38 लाख 86 हजार सात सौ 36 का एग्रीमेंट अमाउंट का पत्र जारी किया गया है। जिसका वर्क आर्डर हालिया जारी किया गया है जिसमें 31 अक्तूर 2025 को शुरू करके 31 अक्तूबर 2026 तक यानि एक वर्ष में कार्य पूरा करने के आदेश दिए गए हैं इस कार्य को एजेंसी को समय पर पूरा करने के लिए कहा गया है।

## गोरक्षकों ने तस्करों का खूब किया पीछा, दादरी पुलिस हटी पीछे तो तस्कर भागने में कामयाब

■ भिवानी से महेंद्रगढ़ तक तस्करों का किया पीछा, तस्करों ने बरसाए पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। मामले की जानकारी देते गौरक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

भिवानी से कनीना-महेंद्रगढ़ रोड पर मंगलवार की दरमियानी रात गौतस्करों और गौरक्षा दल के बीच एक लंबी मुठभेड़ हुई, जिसमें गौतस्कर दो पिकअप वाहनों में गायों को भरकर फरार होने में सफल रहे। इस घटना ने क्षेत्र में गौतस्करी के बढ़ते आतंक को उजागर किया है, वहीं मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना की शुरुआत गांव हालुवास से हुई। गांव के निवासी सोनू ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि मंगलवार रात को उन्होंने अपने घर के पास कुछ लोगों को पिकअप डाला वाहनों में गायों को भरते हुए देखा। शोर सुनकर जब वह बाहर आए तो मौजूद गौतस्कर पत्थरबाजी करते हुए गायों को गाड़ी में भरकर दादरी रोड की तरफ भाग गए। सूचना मिलने के तुरंत बाद गौरक्षा दल भिवानी की टीम हरकत में आई और गौतस्करों का पीछा शुरू कर दिया। गौरक्षा दल और शिकायतकर्ता सोनू ने डायल-112 को फिर से घटना की सूचना दी। गौतस्करों का पीछा दादरी क्षेत्र से कनीना महेंद्रगढ़ तक किया गया। गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने जब उनकी टीम गौतस्करों के वाहन के पीछे थी, तब दादरी पुलिस ने उनकी गाड़ी को रोक लिया।

# साउंड हीलिंग थेरेपी ध्वनि से संभव तन-मन का उपचार

बदलती जीवनशैली की वजह से आज के दौर में अधिकतर लोग मानसिक रूप से परेशान नजर आते हैं। इसका असर शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इनसे राहत के लिए साउंड हीलिंग थेरेपी बहुत कारगर हो सकती है।

नेचुरोपैथी

बुशरा फातमा



बीते एक दशक में जितनी तेजी से हमारी लाइफस्टाइल में बदलाव आया है, उसने पूरी तरह हमारे मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बदल दिया है। छोटी-छोटी बातों पर तनावग्रस्त हो जाना या डिप्रेशन में चले जाना, आम समस्या बनती जा रही है। भारत उन देशों की कतार में भी आगे होता जा रहा है, जहां डिप्रेशन के मरीजों की संख्या अधिक है। बढ़ता तनाव और उससे जुड़ी शारीरिक समस्याएं, लोगों को फिर से उन प्राचीन यौगिक क्रियाओं और प्राकृतिक चिकित्सा की तरफ मोड़ रहा है, जो एक समय में हमारे देश में बहुत प्रचलित हुआ करती थीं। साउंड हीलिंग थेरेपी एक ऐसी ही थेरेपी है, जिसे लेकर लोगों में में रुझान बढ़ रहा है, जो तनाव कम करने में कारगर साबित हो रहा है।

**कैसे काम करती है थेरेपी:** साउंड हीलिंग एक ऐसी थेरेपी है, जिसमें ध्वनि तरंगों का इस्तेमाल किया जाता है, जो हमारे शरीर के सातों चक्रों पर काम करते हैं। इन सात चक्रों से संबंधित सात अलग-अलग बाउल का यूज किया जाता है, जिनके अलग नोट्स होते हैं और वो शरीर पर उसी नोट्स के हिसाब से काम करते हैं। ये बाउल मुख्यतः हाथों से बने होते हैं, जिनमें सात धातुओं का मिश्रण होता है, जिन्हें पूर्णिमा की रात में बनाया जाता है। इन बाउल में इतने वाइब्रेशन मौजूद होते हैं कि ये हमारे शरीर के चक्रों को सीधे प्रभावित करते हैं। इसलिए जब अलग-अलग चक्र के बाउल्स हमारे आस-पास बजाए जाते हैं, तब उनसे जो वाइब्रेशंस निकलती हैं, वो हमारे चक्रों के ब्लॉक को तोड़ देती हैं। चूंकि शरीर में मौजूद चक्रों के असंतुलन से ही मानसिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे में साउंड हीलिंग थेरेपी हमारे चक्रों को बैलेंस करने का काम करती है।



साउंड हीलिंग उन लोगों के लिए बहुत लाभदायक है, जो किसी मानसिक समस्या से गुजर रहे हैं और अपने दैनिक जीवन में तनाव को आसानी से हैंडल नहीं कर पाते हैं। चूंकि मन का स्वास्थ्य, तन के स्वास्थ्य से जुड़ा होता है, इसलिए कई ऐसे लोग जो किसी गंभीर बीमारी से भी गुजर रहे हों तो साउंड हीलिंग उनके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

**तनाव-चिंता से दिलाए राहत:** साउंड हीलिंग थेरेपी में अलग-अलग ध्वनि के वाइब्रेशन शरीर को अलग-अलग तरीके से ही प्रभावित करते हैं, जो हमारी चिंता और तनाव को काफी हद तक कम करने में मदद करते हैं। ये वाइब्रेशन, कोशिकाओं को शांत करती है, जिससे तनाव कम महसूस होने लगता है। कई बार जब आप ये थेरेपी लेंगे तो सर भारी महसूस होगा लेकिन कुछ सेशन लेने के बाद आप अपने तनाव को कम होता महसूस करेंगे।

**अच्छी नींद में मददगार:** जिन लोगों को कम नींद या नींद न आने की समस्या हो उनके लिए ये थेरेपी रामबाण की तरह काम करती है। शरीर में मौजूद चक्र जब धीरे-धीरे संतुलन में आने लगते हैं तो दिमाग शांत होने लगता है और उससे अच्छी नींद आती है।

**एकाग्रता बढ़ाने में सहायक:** बढ़ते काम का बोझ हो या स्टूडेंट्स की पढ़ाई का बढ़ता स्ट्रेस दिमाग को अशांत तो बनाता ही है। साथ ही ये एकाग्रता को भी कम करता है। साउंड हीलिंग थेरेपी एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करती है और फोकस में वृद्धि करती है। रैटल शेकर इस थेरेपी में इस्तेमाल किया जाने वाला एक ऐसा अद्भुत यंत्र है, जिसे ऋषिकेश के जंगलों में पाए जाने वाले एक पेड़ के बीज से बनाया जाता है। हमारा दिमाग चार अलग-अलग वेव्स पर काम करता है अल्फा, बीटा, डेल्टा और गामा और जब हम किसी बात को लेकर ओवर थिंकिंग करते हैं तो वो दिमाग अल्फा, बीटा के स्टेट में चला जाता है। जब रैटल शेकर को मस्तिष्क पर रखा जाता है तो उससे निकलने वाली आवाज से शरीर प्रतिक्रियाएं देता है और दिमाग शांत होता चला जाता है।

**कोर्टिसोल हॉर्मोन पर नियंत्रण:** हमारे शरीर में मौजूद कोर्टिसोल हॉर्मोन बहुत-सी बीमारियों को जन्म देती है और शरीर के जिस हिस्से में यह बढ़ता है, वहां म्यूकस पैदा होता है। डिप्रेशन के मरीजों में कोर्टिसोल हॉर्मोन की मात्रा बहुत बढ़ जाती है और साउंड हीलिंग थेरेपी में ये हॉर्मोन रिएक्ट करता है इसलिए रेगुलर सेशन के बाद मरीज खुद को काफी शांत और हल्का महसूस करता है।

**लाइफस्टाइल में बदलाव है जरूरी:** डिजिटल और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल ने लोगों को बहुत इंपल्सिव और इंसिक्योर बना दिया है और लोग शांति और सुकून की तलाश में अपने पुराने दौर की जीवनशैली की तरफ दोबारा बढ़ रहे हैं। लेकिन अगर अपने लाइफस्टाइल में हेल्दी बदलाव लाया जाए तो मानसिक तनाव पर बहुत हद तक काबू पाया जा सकता है। अच्छे खान-पान की आदत, अच्छी नींद और हार्मोनल बैलेंस के लिए सुबह-सुबह घास पर नंगे पांव चलना न सिर्फ फिजिकली फिट रखने में मदद करता है बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी ठीक करता है। पूरे दिन में एक घंटे की फिजिकल एक्टिविटी जैसे वॉक, योग या जॉगिंग भी मेंटल फिटनेस के लिए बहुत जरूरी है। *

**(होलिस्टिक हीलर शुभांगी चौहान से बातचीत पर आधारित)**

---

अस्त-व्यस्त जीवनशैली समेत कुछ अन्य वजहों से इन दिनों अनेक लोग थाइरॉयड प्रॉब्लम से ग्रस्त रहने लगे हैं। हालांकि पुरुषों की तुलना में महिलाएं इससे अधिक ग्रस्त रहती हैं लेकिन पुरुषों में भी इसे काफी देखा जाने लगा है। ध्यान ना देने पर कई बार यह रोग गंभीर रूप भी ले लेता है। इसलिए यहां आपको इस रोग के कारणों, लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

# कई अन्य समस्याओं की वजह बन सकती है थाइरॉयड प्रॉब्लम

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. विकास अग्रवाल
जनरल फिजीशियन, कोलकाता





अगर आप अकसर बिना किसी कारण के खुद को बेचैन महसूस करते हैं, घबराए हुए से रहते हैं और जरा भुलक्कड़ भी हो गए हैं। किसी कार्य में एकाग्रचित्त नहीं हो पाते हैं। अचानक आपका शारीरिक वजन घटने या बढ़ने लगता है। जरूरत से ज्यादा थकान महसूस होती रहती है तो सावधान हो जाएं ऐसा थाइरॉयड प्रॉब्लम की वजह से भी हो सकता है। इंडियन थाइरॉयड सोसाइटी से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक भारत में 4.2 करोड़ से ज्यादा लोग थाइरॉयड के मरीज हैं, जिनमें 60 प्रतिशत महिलाएं हैं।

## क्या है थाइरॉयड प्रॉब्लम

हमारे गले में अखरोट के आकार की थाइरॉयड ग्लैंड होती है, जो दो तरह के हारमोन टी3 और टी4 बनाती है। यह शरीर की सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथियों में से एक है, जो कई शारीरिक क्रियाओं को कंट्रोल में रखती है। अच्छी नींद, स्वस्थ पाचन तंत्र, मेटाबॉलिज्म, लिवर फंक्शन, शरीर के तापमान को नियमित रखना और उसका विकास आदि। इस तरह आप थाइरॉयड ग्रंथि को शरीर का सेंट्रल कंट्रोलर मान सकते हैं। यह समस्या दो प्रकार की हो सकती है- हाइपोथाइरॉयडिज्म और हाइपरथाइरॉयडिज्म। हाइपो में वजन बढ़ने लगता है और भूख कम लगती है। हाथ पांव में सूजन आ जाती है। सुस्ती और ठंड लगने से व्यक्ति परेशान रहता है। महिलाओं में मासिकधर्म में गड़बड़ी और याददाश्त में कमी हो जाती है। आयोडीन की कमी के अलावा खान-पान पर ध्यान नहीं देना और जरूरत से ज्यादा तनावयुक्त जीवन थाइरॉयड समस्या को बढ़ावा देता है।

हाइपरथाइरॉयडिज्म समस्या में मरीज का वजन कम हो जाता है और बार-बार भूख लगती है। हमेशा टेंशन महसूस होना, ध्यान केंद्रित ना कर पाना, तेज या धीमी धड़कन और ब्लड प्रेशर की समस्या, वजन का तेजी से गिरना या बढ़ना, गले में सूजन, ज्यादा पसीना आना, मासिकधर्म की परेशानी, नींद में कमी, थकान को मिटाने के लिए बार-बार कुछ खाने की इच्छा, गैस्ट्रिक अल्सर, बार-बार यूरिन आना इसके लक्षणों में शामिल हैं। हाइपर थाइरॉयडिज्म की तुलना में हाइपोथाइरॉयडिज्म में यह समस्या ज्यादा देखी जाती है। ऐसा तब होता है, जब शरीर के कुछ सेल्स थाइरॉयड ग्लैंड की सेल्स को खत्म करना शुरू कर देते हैं। इसीलिए इसे ऑटो इम्यून बीमारी भी कह सकते हैं। पहले के दौर में यह समस्या काफी ज्यादा हुआ करती थी, लेकिन आजकल लोग इसके प्रति सचेत हो गए हैं।

## थाइरॉयड रोग के लक्षण

इसके लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि थायराइड ग्रंथि अधिक सक्रिय (हाइपरथाइरॉयडिज्म) है या कम सक्रिय (हाइपोथाइरॉयडिज्म) है। थाइरॉयड के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और धीरे-धीरे विकसित हो सकते हैं।



**कम सक्रिय थाइरॉयड के लक्षण:** थकान और कमजोरी, वजन बढ़ना, ठंड लगना, त्वचा और बालों का रूखापन, बाल झड़ना, कब्ज, मांसपेशियों में दर्द या जकड़न, डिप्रेशन या मूड स्विंग्स, धीमी हृदय गति, अनियमित या हैवी ब्लीडिंग, याददाश्त कमजोर होना, चेहरा या आंखों के आस-पास सूजन इसके लक्षणों में शामिल हैं।

**अधिक सक्रिय थाइरॉयड के लक्षण:** वजन कम होना (भूख बढ़ने के बावजूद), घबराहट, चिंता या बेचैनी महसूस होना, तेज हृदय गति या धड़कन, पसीना आना या गर्मी लगना, असहज लगना, नींद में परेशानी, बार-बार मल त्याग या दस्त, मांसपेशियों में कमजोरी, हाथों में कंपन, महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, बालों का पतला होना, आंखों में उभार होना।

## थाइरॉयड प्रॉब्लम के साइड इफेक्ट्स

इससे हड्डियां भी कमजोर पड़ने लगती हैं। थाइरॉयड के मरीजों को ऑस्टियोपोरोसिस होने की आशंका हो सकती है। पैरों में दर्द और वाटर रिटेंशन की समस्या भी थाइरॉयड प्रॉब्लम से ही जुड़ी है।

थाइरॉयड ग्लैंड में असंतुलन होने की वजह से हारमोंस में असंतुलन होता है। इससे दिल की बीमारी से लेकर इनफर्टिलिटी तक भी हो सकती है। थाइरॉयड कैंसर भी इसी असंतुलन का ही नतीजा है। गले में दर्द, सूजन और हमेशा भारीपन महसूस होना इसकी वजह से हो सकता है। हाइपोथाइरॉयडिज्म, प्रेगनेंसी में काफी खतरनाक हो सकता है। यह गर्भ में पल रहे शिशु के विकास और उसके मस्तिष्क के लिए काफी नुकसानदेह होता है। इसलिए महिलाएं जब भी प्रेगनेंसी प्लान करें, तो अपना थाइरॉयड टेस्ट जरूर कराएं।

थाइरॉयड हारमोंस से जुड़ी समस्या है, इसीलिए इसका सीधा असर सेक्स इच्छा और इनफर्टिलिटी पर पड़ता है। पुरुषों और महिलाओं में भी थाइरॉयड, सेक्स को प्रभावित करता है। अचानक आए मूड में बदलाव के लिए डॉक्टर से कंसल्ट करके थाइरॉयड टेस्ट कराएं और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट से मिलें। थाइरॉयड की दवाएं लेने पर व्यक्ति नॉर्मल सेक्सुअल लाइफ जी सकता है। थाइरॉयड की समस्या ज्यादातर स्त्रियों में ही देखने को मिलती है। पुरुषों में थाइरॉयड की समस्या स्त्रियों की तुलना में कम देखने को मिलती है। इसके लक्षण दिखने पर डॉक्टर को जरूर बताएं। इससे जुड़ी सावधानियों और दवाओं के बारे में वे बताएंगे। जब तक थाइरॉयड नार्मल नहीं हो तब तक महिलाओं को प्रेगनेंसी प्लान करने से बचना चाहिए।

## टेस्ट-ट्रीटमेंट

थाइरॉयड प्रॉब्लम की जांच के लिए डॉक्टर की सलाह पर TSH, T3, T4 जैसे ब्लड टेस्ट करवाए जा सकते हैं। थाइरॉयड की समस्या का इलाज दवाओं, सही आहार और जीवनशैली में बदलाव से संभव है। थाइरॉयड के उपचार के लिए डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा फायदेमंद होती है। इससे मोटापा और थकान कंट्रोल में हो जाता है। थाइरॉयड की गोली ताउम्र खानी पड़ सकती है, पर कुछ केस में यह दवा छूट सकती है। दवा खाने और ना खाने का निर्णय आप डॉक्टर से कंसल्ट कर ही तय कर सकते हैं। *




**प्रस्तुति: शिखर चंद जैन**

---

प्रिकॉशन

राजकुमार 'दिनकर'

# नारियल पानी पीने से पहले...

हम अकसर हरे नारियल को कटवाकर उसमें सीधे स्ट्रॉ लगाकर उसका पानी पीते हैं। क्या आपको पता है कि नारियल पानी को इस तरह सीधे नारियल से पीना, हमारे लिए फंगल इंफेक्शन का भी कारण बन सकता है। हालिया हुए एक अध्ययन से खुलासा हुआ है कि नारियल पानी को सीधे नारियल से पीना हमारी सेहत के लिए नुकसानदेय हो सकता है। क्योंकि इन हरे नारियल को आमतौर पर किसी ठंडी जगह पर स्टोर नहीं किया जाता, उन्हें एक बार तोड़ने के बाद एक जगह से दूसरी जगह लाकर बेचा जाता है। इस प्रक्रिया में नारियल कभी ठंडे, तो कभी बेहद गर्म वातावरण में रहते हैं। नम वातावरण में भी लगातार महीनों ऐसे ही रहने के कारण इनमें खतरनाक बैक्टीरिया, कवक और विषाक्त पदार्थ भी पैदा हो सकते हैं।



**हो सकती हैं इस तरह की समस्याएं:** प्रदूषित नारियल पानी बासी होने के कारण बहुत किस्म के हानिकारक बैक्टीरिया का घर हो सकते हैं। जिस पानी को पीने से हमें पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसे पीने के बाद उल्टी, पेट दर्द और दस्त हो सकता है। दूषित नारियल पानी में नाइट्रोप्रोपियोनिक एसिड जैसे विषाक्त पदार्थ हमारे तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है, जिसमें चक्कर आना, मांसपेशियों में सिकुड़न होने के लक्षण दिखाई देते हैं। अगर नारियल के भीतर मौजूद पानी ज्यादा प्रदूषित हो तो सांस लेने में भी कठिनाई महसूस होती है। इससे सीने में जकड़न या फेफड़ों में तरल पदार्थ का जमाव हो सकता है। अगर ऐसे लक्षण दिखाई दें या असहज महसूस हो तो समझ जाएं कि नारियल पानी में कोई कमी है। तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

**सावधानी बरतें:** नारियल पानी पीते समय कुछ सावधानी बरतें।

- नारियल सीधे न पिएं क्योंकि इसके बाहरी आवरण पर मौजूद दरारों से सूक्ष्मजीव नारियल में प्रवेश करते हैं।
- नारियल या नारियल पानी लाने के बाद उसको फ्रिज में रखें ताकि इसमें फफूंद और जीवाणु पनप न सकें।
- नारियल पानी पीते समय अगर आपको उसके स्वाद में खट्टापन, महक महसूस हो तो समझ जाएं कि यह भीतरी तौर से प्रदूषित है।
- कहीं भी खुले में नारियल खरीदने की बजाय सीलबंद पॉश्चराइज्ड नारियल पानी ही चुनें, जिनको सावधानीपूर्वक संरक्षित किया गया हो।
- अगर नारियल के खोल पर दरारें दिखती हैं तो ऐसे नारियल को न खरीदें। यह जरूरी नहीं कि रेफ्रिजरेटर में रखे नारियल भी पीने के लिहाज से सुरक्षित हों। इसलिए पीने से पहले हमेशा उसके स्वाद और गंध की जांच कर लें। *

---



सर्दी के मौसम ने दस्तक दे दी है। आने वाली कड़ाके की सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। इसीलिए हम आपको कुछ सरल योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिनके अभ्यास से आप सर्दी के मौसम में भी स्वस्थ रहेंगे।

# सर्दियों में आप रहेंगे स्वस्थ जब रोज करेंगे ये योगासन

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

सर्दियों में हमारे स्वास्थ्य की सच्ची रखवाली दवाइयां नहीं बल्कि कई तरह की हमारी शारीरिक गतिविधियां करती हैं। इनमें ही योगासन भी शामिल हैं। हल्की सर्दियां शुरू होते ही किस तरह हमारे शरीर और सेहत के लिए ये सीधे, सरल योगासन महत्वपूर्ण हैं। ये न केवल इन दिनों हमारे शरीर को गर्म रखते हैं बल्कि मन को भी सक्रिय और उत्साहित रखते हैं, जिससे हम प्रसन्न और एक्टिव रहते हैं, तो आइए सरल ढंग से जानें कि ये छह सीधे सरल योगासन कौन से हैं?

**सूर्य नमस्कार:** सूर्य नमस्कार हमारे योगशास्त्र का पहला और सबसे महत्वपूर्ण अध्याय है। सूर्य नमस्कार सही मायने में अकेला ही हमारे स्वास्थ्य का सबसे मजबूत रखवाला है। सूर्य नमस्कार, शरीर को भीतर से गर्म रखता है। हमारे रक्त संचार को तेज करता है, जिसकी इन दिनों हमें जरूरत होती है। साथ ही यह योगासन सर्दी के दिनों में शरीर की हर मांसपेशी को सक्रिय बनाता है, जिस कारण ठंड से होने वाले आलस्य और थकान से राहत मिलती है। इस तरह हर दिन सुबह खाली पेट अगर पांच से छह राउंड केवल सूर्य नमस्कार के कर लिए जाएं, तो सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए यह सबसे अच्छी गतिविधि है।



**वज्रासन:** इस मौसम में हमारी सेहत के लिए यह भी जरूरी आसनों में से एक है। भोजन के बाद वज्रासन की मुद्रा में बैठना शरीर के लिए सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों में से एक होता है। यह आसन करने से ठंड के मौसम में हमारा पाचन दुरुस्त रहता है, साथ ही इस आसन के करने से हमारा शरीर शांत और संतुलित रहता है। वास्तव में वज्रासन करने से शरीर का भारीपन, गैस और अपच जैसी परेशानियां दूर होती हैं। सर्दी के मौसम में नियमित रूप से वज्रासन करने से हमारी सेहत सही रहती है। *



**भुजंगासन:** सर्दी के मौसम में जो दूसरा आसन हमारे लिए बेहद उपयोगी है, उसका नाम है- भुजंगासन या कोबरा पोज। यह आसन हमारी रीढ़ और पीठ को लचीला बनाता है। इन दिनों में कई लोगों की छाती, अतिरिक्त रूप से जकड़न का शिकार रहती है, उसे यह आसन अच्छी तरह से खोलता है, जिससे ठंडी हवा से जकड़े हमारे फेफड़ों को राहत मिलती है और सर्दी जुकाम से हम बचे रहते हैं। हर दिन भुजंगासन करने से हम सर्दी के दिनों में सर्दी लगने से भी बचे रहते हैं। इसके चलते हमारा शरीर इन दिनों गर्म रहता है।

---

अवेयरनेस

रेखा

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि साल 2030 तक दुनिया में हर तीसरा व्यक्ति हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित होगा। इससे इस रोग की गंभीरता को समझ सकते हैं। ऐसे में जागरूक रहना बहुत जरूरी है। इस बारे में जानिए।

# बीपी प्रॉब्लम इसलिए हो रही है खतरनाक




कभी मध्यम आयु तक सीमित रहने वाला ब्लडप्रेशर की प्रॉब्लम आज हर उम्र के लोगों के लिए खतरे की घंटी बन चुका है और अपने 'साइलेंट किलर' के तौर पर पहचाना जाने लगा है।

**बीपी प्रॉब्लम बढ़ने के कारण:** काम-काजी दबाव, असंतुलित जीवनशैली, नींद की कमी, तनाव और जंक फूड की बढ़ती खपत ने बीपी को एक वैश्विक महामारी बना दिया है। दरअसल, बीपी इसलिए बेहद खतरनाक हो चुका है, क्योंकि इस डिजिटल युग ने काम को आसान किया है, पर मानसिक दबावों को कई गुना ज्यादा बढ़ा दिया है। लगातार स्क्रीन टाइम, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक असुरक्षा और अस्थिर नौकरी का माहौल, युवाओं में हाई बीपी का बड़ा कारण बन गया है। फास्ट फूड, पैक्ड स्नैक्स, नमक की अधिकता, चीनी और ट्रांसफैट्स का सेवन, ये सब चीजें रक्तचाप बढ़ने का प्रमुख कारण हैं। भारतीय भोजन में अत्यधिक नमक और तेल पहले से ही बहुत बड़ा जोखिम रहा है। इस पर भी शहरी जीवनशैली में करीब 60 प्रतिशत तक घटी शारीरिक गतिविधियां मसलन पैदल चलना, योग या व्यायाम में आई कमी, एक तरह से वीकेंड की गतिविधि बनकर रह गई हैं। इससे शरीर की मेटाबॉलिक गति घटती है, नतीजतन रक्तचाप बढ़ता है। सबसे बड़ी बात यह है कि आज हर भारतीय की नींद में औसतन डेढ़ से दो घंटे की कमी आ चुकी है, जिसका सबसे बड़ा कारण मोबाइल देखने की लत है। इन सब वजहों के चलते आज ब्लडप्रेशर अब तक के किसी भी समय के मुकाबले कहीं ज्यादा खतरनाक हो गया है।

**क्या कहते हैं आंकड़े:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) 2024 की एक रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 1.04 करोड़ लोगों की मौत रक्तचाप या उससे संबंधित परेशानियों के चलते होती है। इनमें से करीब 50 फीसदी मौतें स्ट्रोक और हार्ट अटैक के कारण होती हैं। जहां तक अपने देश में सीधे सीधे हाई ब्लड प्रेशर से मौतों का सवाल है तो 22 लाख लोग हर साल इसके कारण हमेशा हमेशा के लिए मौत के मुंह में समा जाते हैं। भारत में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग 30 फीसदी पुरुष और 25 फीसदी महिलाएं बीपी का शिकार हैं।

**ना बरतें लापरवाही:** सवाल है, आखिर ब्लड प्रेशर के चलते मौतों में इतना अधिक इजाफा क्यों हो रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ब्लड प्रेशर के शुरुआती लक्षण पता नहीं चलते। इसलिए लोग उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। जब एक बार बीपी अनियंत्रित हो जाता है, तो हृदय, गुर्दे, मस्तिष्क और आंखों को नुकसान पहुंचाने में जरा भी देर नहीं लगाता। कुछ लोग ब्लड प्रेशर की दवा बीच में ही खाना छोड़ देते हैं, इसलिए उनमें किसी दिन अचानक बीपी बढ़ता है और हार्ट अटैक के कारण उनकी मौत हो जाती है। इसलिए अब हर उम्र के लोगों को हाई बीपी की समस्या को लेकर सजग रहने की जरूरत है। *



### हाई बीपी से बचाव के उपाय

- हर दिन कम से कम 30 मिनट पैदल चलें या योग करें।
- नमक, चीनी और तले हुए भोजन को सीमित करें।
- नींद पूरी लें और मोबाइल से दूरी बनाकर रखें।
- हफ्ते में एक दिन डिजिटल डिटॉक्स को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।
- बीपी की नियमित जांच कराएं।
- गुस्सा और चिंता को मेडिटेशन से नियंत्रित रखें।

## खबर संक्षेप

### खरकड़ी माखवान में रात्रि प्रवास कार्यक्रम आज

**तोशाम।** प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में अब 30 अक्टूबर वीरवार को खरकड़ी माखवान में रात्रि प्रवास कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम रवि मीणा ने दी। उन्होंने उपमंडल के तमाम विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गांव खरकड़ी माखवान में आयोजित रात्रि प्रवास कार्यक्रम में पहुंचना सुनिश्चित करें।

### नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**तोशाम।** नागरिक अस्पताल तोशाम में वीरवार 30 अक्टूबर को मेगा चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। शिविर में स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीमें मौजूद रहेंगी। गत 17 सितम्बर को पीएम मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित मेगा कैम्प के मद्देनजर इस अनुवर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एसएमओ डॉ. सुधीर चाहर ने बताया कि तोशाम नागरिक अस्पताल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पर 17 सितम्बर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया था।

### प्रदूषण नियंत्रण में आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण केवल सरकारी एजेंसियों का कार्य नहीं, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत ग्रेप के दूसरे चरण की पाबंदियों को कड़ाई से लागू किया जा रहा है, इसलिए नागरिक किसी भी ऐसी गतिविधि से बचें जिससे धूल या धुआं उत्पन्न होता हो। चूंकि अधिक निजी वाहन सड़कों पर बढ़ते धुएं और जाम का कारण बनते हैं। बसों, साझां टैक्सियों और साइकिलों का उपयोग करके ईंधन की खपत घटाई जा सकती है।

---

## श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में 90 यूनिट किया रक्तदान

# धन नहीं, बल्कि प्रेम एवं भक्ति ही जीवन की सच्ची संपत्तिः सदानंद

स्वामी डॉ. सदानंद ने दिया गुरूकुल शिक्षा एवं मानवता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में चल रहा 43वां वार्षिक उत्सव बुधवार को भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। श्रीमद्भागवत कथा का भी समापन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कथा समापन पर आश्रम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संत स्वामी डॉ. सदानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि यह प्रसंग सच्ची मित्रता, प्रेम एवं विनम्रता का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा से संदेश दिया कि धन नहीं, बल्कि प्रेम और भक्ति ही जीवन की सच्ची संपत्ति है। स्वामी सदानंद ने अपने प्रवचन में गुरूकुल शिक्षा प्रणाली के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरूकुल की शिक्षा समाज में जाति-पाति और ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाने का कार्य करती थी, क्योंकि वहां राजा व आमजन दोनों के बच्चे एक साथ शिक्षा ग्रहण करते थे और मानवता के मूल्यों को समझते थे। आज उसी सोच को अपनाने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा व्यक्ति को व्यसन, लोभ, मद और पद की लालसा से मुक्त होकर एक पवित्र इंसान बनने की प्रेरणा देती है। कथा सुनने से मन शुद्ध होता है और जीवन में सद्गुणों का विकास होता है। वार्षिक उत्सव के समापन पर आश्रम परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया, जिसमें 90 यूनिट रक्त एकत्रित किया। सभी रक्तदाताओं को स्वामी सदानंद ने बैज लगाकर सम्मानित किया।



भिवानी। श्रद्धालुओं को संबोधित करते स्वामी डॉ. सदानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मोहन प्रिया आचार्य महाराज, दिव्यांनंद महाराज, अमित गोयल, अमित रावल वासिया, सतनारायण टेल्टिया, राजल गुप्ता मीणा महाराज, लीलारस, सागर महाराज, अशोक यादव, स्वामी राजदास, स्वामी नवराज, हरिद्वार, पवन तिवारी, रवि विनय, अशोक मित्तल, दीनदयाल, प्रकाश शर्मा, रमेश अग्रवाल, सुरेश गर्ग, हनुमान तायल सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

### रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा पुण्य काम

स्वामी सदानंद ने कहा कि रक्तदान महादान है, यह ना केवल किसी की जान बचाता है, बल्कि दाता को भी आत्मसंतोष और पुण्य का अनुभव कराता है। कार्यक्रम के दौरान भक्ति संगीत, कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धालुओं ने संतवाणी का आनंद लिया। वार्षिक उत्सव के समापन पर आश्रम परिसर में श्रद्धा, सेवा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला खास बात ये कि स्वामी सदानंद महाराज के निर्देशन पर राष्ट्रीय प्रवक्ता मुरलीधर शास्त्री द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर व्यसन मुक्ति का अभियान चलाया जा रहा है एवं विशेष रूप से हरियाणा के फतेहाबाद सिरसा हिसार भिवानी में इस अभियान को गति दी जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के जाल से बाहर निकालते हुए नशामुक्त राष्ट्र का स्वप्न पूरा करना है।

---

## गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभात फेरी



भिवानी। प्रभारी फेरी में शामिल श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

■ मानवता, प्रेम, सत्य एवं सेवा का प्रकाशस्तंभ है नानक देव का संदेश: आशु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

सिख धर्म के संस्थापक और पहले गुरू गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर बुधवार को शहर में अपार श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भव्य प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी ने शहर के वातावरण को सतनाम श्रीवाहेगुरु के पवित्र नाम-सिमरन व गुरुबाणी के कीर्तन से सराबोर कर दिया। साथ ही संगत को सेवा, प्रेम और सद्भाव का प्रेरणादायक संदेश दिया। प्रभात फेरी का शुभारंभ रामगंज महोल्ला स्थित श्रीमती देवी भाई आश्रम से हुआ। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और पूरे रास्ते सत नाम श्री वाहेगुरु का निरंतर जाप किया, जिससे शहर की मुख्य सड़कें भक्तिमय हो गई।

### माफी मांगनी चाहिए

पूरी प्रभात फेरी के दौरान गुरुबाणी का मधुर कीर्तन चलता रहा, जिसने वातावरण को और अधिक पावन बना दिया। भाई बलबीर ने संगत के लिए पवित्र अरदास करवाई और गुरु साहिब की बाणी का पाठ कर सभी को गहन आध्यात्मिक प्रेरणा प्रदान की। प्रभात फेरी का समापन पूर्व पार्षद प्रवीण चावला एवं पूर्व पार्षद विनोद चावला के निवास पर हुआ, जहां संगत का अत्यंत आदर-सत्कार और स्वागत किया गया। इस मौके पर देवी भाई आश्रम के प्रधान आशु कामरा ने कहा कि गुरु नानक देव का संदेश केवल धर्म का मार्ग नहीं है, बल्कि यह मानवता, प्रेम, सत्य और सेवा का प्रकाशस्तंभ है। आज के समाज को सबसे अधिक जरूरत आपसी भाईचारे, करुणा और निस्वार्थ सेवा की है। ग्रंथि बलबीर सिंह ने गुरु साहिब की शिक्षाओं को सरल शब्दों में समझाया।

---

# किसानों के साथ खड़ी सरकारः श्याम सिंह

■ एमएसपी पर खरीदा जा रहा फसल का एक एक दाना: राणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

सरकार प्रदेश के किसानों के साथ खड़ी है और लगातार किसानों की भलाई के कार्य कर रही है। प्रदेश की मंडियों में एमएसपी पर फसलों का दाना दाना खरीदा जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि फसल खरीद के दौरान किसी भी किसान को परेशानी का सामना ना करना पड़े। कोई हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा दादरी में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कृषिमंत्री ने रखी कुल 16 शिकायतों में से 8 का मौके पर ही समाधान करवाया और 8 शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के साथ खड़ी है और किसानों की फसल का एक एक दाना एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी भी किसान को मंडी में अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार किसानों भलाई के कार्य कर रही है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से कल्याणकारी योजनाएं भी लागू की जा रही हैं। सरकार की योजना के अनुसार जल्द ही भावांतर भरपाई योजना की राशि जारी कर दी जाएगी।



भिवानी। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतें सुनते कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

### जल्द मिलेगा मुआवजा

उन्होंने कहा कि बारिश के कारण खराब हुई फसलों के सत्यापन का कार्य अंतिम चरण में है और जल्दी ही किसानों के बैंक खातों में ज्यादा बरसात से खराब हुई फसलों का मुआवजा डाला जाएगा। पिचौपा गांव में अवैध खनन आदि से संबंधित शिकायत को लेकर उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने सुझाव दिया कि एक कमेटी द्वारा सभी बिंदुओं की सघन जांच करवाई जानी सही है।

---

# प्रभात मंडल दे रहा करो योग रहो निरोग का संदेश : योगाचार्य बंसल

■ वैश्य स्कूल में नि:शुल्क योग कक्षाओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

योग को अपनाकर आज सारा विश्व निरोगी शरीर पाने के लिए आगे आ रहा है, आज भारतीय संतों व ऋषियों ने दिया, ये वरदान पूरे संसार के लिए ऐसा मार्ग बन चुका है जिस पर चलकर न सिर्फ शारीरिक उर्जा का विकास सभी कर रहे है। साथ में ये सकारत्मकता की और हमारी सोच को अग्रसर करने में सहायक भी है, इसलिए प्रभात मंडल का यही प्रयास है कि सभी के बीच करो योग रहो निरोग का संदेश अधिक से अधिक पहुंचे। यह आह्वान योगाचार्य पुरुषोत्तम बंसल व प्रभात मंडल के सभी सदस्यों ने किया। वैश्य वमा विद्यालय में मंडल द्वारा पिछले लंबे समय से प्रातःकालीन निःशुल्क योग कक्षाओं को आयोजित किया जा रहा है। प्रधान बजरंग सिंगला व महासचिव शिवांश मित्तल की अगुवाई में सभी साथियों का यही लक्ष्य है कि योग को क्षेत्र के अधिक से अधिक घरों तक पहुंचाया जाए। ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजना अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया जा सके, जिससे कि प्रत्येक घर व उसके सदस्य इस पुरातन विद्या का लाभ उठाकर निरोगी रह सके। योग कक्षाओं के संचालन में प्रभात मंडल के सदस्यों हीरालाल, कैलाशचंद रितोलिया, अंकित गुप्ता, नरेश नौतनिया, आनंद गुप्ता आदि रहे।



चरखी दादरी। योगाभ्यास करते लोग। फोटो : हरिभूमि

---



बवानीखेड़ा। पदक विजेता को सम्मानित करते हुए।

## पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीतने पर सामाजिक संस्था ने किया सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** बलियाली निवासी दयानंद लोधा के पौत्र एवं कुलदीप लोधा के पुत्र युवा पावरलिफ्टर यश लोधा द्वारा अहमदाबाद स्थित द वर्ल्ड जिम में आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम करने पर प्रतिज्ञा सेवा समिति के अध्यक्ष संजय वर्मा मिल्खा, मंडी प्रधान सुखबीर भाकर, अशोक, बिजेंदर कौशिक, अंकित मलिक, सुनील शर्मा, कुलदीप लोधा, जीतू बलियाली, दीपू पंच,नरेश लोधा, दक्ष लोधा आदि ने विजेता खिलाड़ी का मनोबल बढ़ाते हुए सम्मानित किया। प्रतिज्ञा सेवा समिति के अध्यक्ष संजय वर्मा मिल्खा ने बताया कि सब-जूनियर 55 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए यश ने बेहतरीन ताकत और समर्पण का प्रदर्शन किया। खिलाड़ी ने फुल पावरलिफ्टिंग में कुल 335 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, डेडलिफ्ट में 150 किलोग्राम और बेंच प्रेस में 75 किलोग्राम भार उठाकर भी स्वर्ण पदक हासिल किए। खिलाड़ी ने राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर यश ने नई मिसाल कायम की है जिससे अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं विधायक कपूर वाल्मीकि ने भी खिलाड़ी के कार्य की सराहना की।

## जतीन शर्मा का नॉर्थ जोन एनएसएस प्री-रिपब्लिक डे परेड कैंप के लिए चयन

भिवानी। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के स्वयंसेवक अपने आप पर विश्वास रखकर आगे बढ़े व राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत की जाने वाली हर गतिविधियों एवं जागरूकता कार्यक्रमो में बढ चढ कर भागीदारी करे व उनका अनुसरण करे तो वो ऊंचाइयों के नए शिखर तक जा सकते है। यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक जतीन शर्मा का नॉर्थ ज़ोन एन एस एस प्री-रिपब्लिक डे परेड कैंप के लिए चयन होने पर स्वयंसेवक जतीन शर्मा को सम्मानित करते हुए वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कही। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ कॉमना कौशिक एवं डॉ मोहनलाल को बधाई देते हुए कहा कि स्वयंसेवक जतीन शर्मा की यह उपलब्धि आपके कुशल नेतृत्व का परिणाम है। स गत 17 सितंबर को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाड़ी में एन एस एस वॉलंटियर्स के एक दिवसीय सिलेक्शन ट्रायल कैंप का आयोजन किया गया था इसी हरियाणा स्टेट लेवल ट्रायल परफॉर्मेंस के आधार पर, वैश्य महाविद्यालय भिवानी के एन एस एस वॉलंटियर्स जतीन शर्मा का चयन 21 नवंबर से 30 नवंबर, 2025 तक चिटकारा यूनिवर्सिटी, राजपुरा, पटियाला, पंजाब में होने वाले नॉर्थ ज़ोन एनएनएस प्री-रिपब्लिक डे परेड कैंप, 2025 में हिस्सा लेने के लिए हुआ है ।




भिवानी। कैडेटस को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि




भिवानी। शिविर में यूथ वॉलंटियर्स को सम्मानित करते अतिथि।

## 20 कॉलेजों के 100 यूथ वॉलंटियर्स व 20 काउंसलरों ने प्रशिक्षण में लिया भाग

**भिवानी।** उपायुक्त एवं रैडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी की हरियाणा शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रैडक्रॉस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलेभर के 20 महाविद्यालयों के 100 यूथ वॉलंटियर्स और 20 काउंसलरों उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करना और उन्हें समाज के प्रति उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेवारियों का बोध करवाना है। कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को युवाओं को सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता का व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के सहयोग से लगाया। शिविर में अस्पताल की टीम ने 120 प्रतिभागियों की स्वास्थ्य की जांच की। रैडक्रॉस के सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि यूथ रैडक्रॉस ट्रेनिंग का उद्देश्य केवल सैद्धांतिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि युवाओं को वास्तविक सेवा के लिए तैयार करना है। युवाओं को रैडक्रॉस के सात मौलिक सिद्धांतों और इसके मानवीय उद्देश्यों से अवगत करवाना, आपदाओं से निपटने की तकनीकें सिखाना, प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा देना और आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करना, युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

---

## न्यूज डायरी

### उत्साह के साथ होगी रन फॉर यूनिटीः डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती 31 अक्टूबर को भीम स्टेडियम में सुबह 6:30 बजे रन फॉर यूनिटी का आयोजन पूरे जोश और उत्साह के साथ किया जाएगा। रन फॉर यूनिटी के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रबल करने का संदेश दिया जाएगा। रन फॉर यूनिटी में विभिन्न कॉलेज, स्कूलों और खिलाड़ियों व युवाओं के अलावा सभी धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आमजन भाग लेंगे। भिवानी के अलावा बवानीखड़ा, तोशाम और लोहारू में होगी रन फॉर यूनिटी आयोजित की जाएगी। रन फॉर यूनिटी में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और अधीनस्थ कर्मचारी भी शामिल होंगे।

### युवा महोत्सव के लिए एसडीएम ने सौंपी जिम्मेदारी

**भिवानी।** एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में 6 से 7 नवंबर तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा महोत्सव बारे समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम ने महोत्सव के लिए गठित कमेटी को अलग-अलग कार्य के लिए जिम्मेदारी सौंपी। एसडीएम ने आईटीआई प्रबंधन को निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाए और कार्यक्रम में किसी तरह की कमी नही रहनी चाहिए। बैठक में आईटीआई प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि महोत्सव आईटीटी में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागी भाग लेंगे। इस महोत्सव में 15 से 29 आयु वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं।

### गंदगी की फोटो सहित व्हाट्सएप नंबर पर भेंजे शिकायत

**भिवानी।** शहर को गंदगी से मुक्त व स्वच्छ बनाने के लिए नगर परिषद प्रशासन द्वारा 8053609453 व 8053609445 व्हाट्सएप जारी किए गए हैं, जिन नंबरों पर गंदगी के बारे में शिकायत फोटो जीओ टेगिंग के साथ भेजी जा सकती है। इसके साथ ही यदि डोर टू डोर जाने वाली टिपर से संबंधित कोई शिकायत है तो टोल फ्री नंबर 18002031371 पर कर सकते हैं। शहर स्थानीय निकाय प्रशासन ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे भिवानी को गंदगी से मुक्त व स्वच्छ बनाने में प्रशासन का सहयोग करें और इधर-उधर गलियों या सडकों के किनारे कूड़ा-कचरा ना फेंके। डीएमसी गुलजार मलिक ने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार नागरिकों की शिकायतों का समाधान करने के लिए एक विशेष योजना तैयार की गई है।

### प्राचीन हनुमान मंदिर में अन्नकुट प्रसाद आज

**चरखी दादरी।** पुराना शहर के चरखी गेट निकट स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में मंदिर कमेटी द्वारा नियमित अंतराल पर समस्त क्षेत्र के श्रद्धालुओं के सहयोग से लगातार धार्मिक व सामाजिक गतिविधियो को संपन्न करवाया जाता है। इसी कड़ी में 30 अक्टूबर वीरवार को अन्नकूट प्रसाद के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस विषय में जानकारी देते हुए उपप्रधान हरिप्रकाश यादव ने बताया कि प्रातः कालीन वेला में हनुमान महाराज व अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना के उपरांत हवन व यज्ञ के बाद मंदिर में अन्नकूट भंडारा लगाया जाएगा। भंडारे में समिति द्वारा समस्त श्रद्धालुओं के सहयोग से प्रसाद ग्रहण करने वाले सभी नागरिकों को मंदिर परिसर में ही बैठा कर उन्हें अन्नकूट का प्रसाद खिलाया

### बच्चों को बताएं उनके कानूनी अधिकारः मांगेराम

**चरखी दादरी।** राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य मांगेराम की अध्यक्षता में संस्कार पब्लिक स्कूल में बाल अधिकारों बारे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जहां बच्चों को व्यक्तिगत तथा सभी उनके मूल अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। बच्चों को सभी प्रकार के कानूनी अधिकार बताए तथा बच्चों की कक्षा वाइज कमेटी गठित करने की बात कही। शिकायतो की निराकरण हेतु अध्यापकों की कमेटी गठित की जाए। सफाई विशेष ध्यान रखें। हरियाणा बाल संरक्षण आयोग के अधिकार, बाल अधिकारों के संरक्षण और उल्लंघन के मामलों को देखने, बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने, उनके कल्याण से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा करने और केंद्र सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने तक फैले हुए हैं।

---

## श्रीयोगी सूरी के जन्मदिवस पर डीएवी स्कूल में लगाया रक्तदान कैंप

# डीएवी स्कूल में शिविर में 20 यूनिट रक्त किया एकत्रित

शिविर में छात्र-छात्राओं के माता-पिता, स्वैच्छिक रक्तदाताओं, एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा एवं आर्य युवा समाज के तत्वावधान में वैदिक संस्कार पुण्यमास के अंतर्गत श्रीयोगी सूरी के जन्मदिवस पर रक्तदान का आयोजन किया। शिविर का शुभारम्भ प्राचार्या जगदीप कौर के निर्देशन में सामान्य अस्पताल रक्त सेंटर प्रभारी डॉ. हर्ष, डॉ. रोहित व शतकवीर राजेश डुडेजा द्वारा वैदिक मन्त्रों के उच्चारण के साथ किया। कैंप में एनसीसी अधिकारी राजेश मुखी ने बताया कि शिविर में छात्र-छात्राओं के माता-पिता, स्वैच्छिक रक्तदाताओं, एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया। आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा के तत्वावधान में डीएवी शतब्दी स्कूल एवं आर्य युवा समाज ने कुल 20 युनिट एकत्रित किया। रक्तदान करने वाले दाताओं को चिकित्सा जांच के बाद ही रक्तदान करने की अनुमति दी।




रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता व प्रमाण देते सम्मानित करते अतिथि।

### रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा पुण्य काम

डॉ. हर्ष व डॉ. रोहित द्वारा लगभग 30 व्यक्तियों को चिकित्सा जांच में सही न पाए जाने पर रक्तदान नहीं करवाया। उन्हें भविष्य में लगने वाले रक्तदान शिविर में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी, प्राचार्या, स्टाफ सदस्यों, शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा और रक्त सेंटर सामान्य अस्पताल की टीम का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। शिविर में अनुराग, प्रमेन्द्र, सन्नी, कुलदीप, राहुल, सुनील, कुलदीप, संदीप, रोहित, राजेश, जतिन, गौरव सोलंकी, विकास, दीपक, हर्षवर्धन व एनसीसी अधिकारी राजेश मुखी ने 14वीं बार रक्तदान कर समाज में समय-समय पर रक्तदान करने की मुहिम को आगे बढ़ाया। प्राचार्या जगदीप कौर ने कहा कि जितने भी रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है, वह हमारे समाज के लिए महत्वपूर्ण कार्य है। शिविर के आयोजन में सहयोग करने वाले सभी स्टाफ सदस्यों, शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा, व रक्त सेंटर सिविल अस्पताल भिवानी की टीम का भी मैं धन्यवाद करती हूं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जयबीर सिंह, राजेश कुमार मुखी, राजेश शर्मा, उर्मिला, राज रानी, परमजीत, रजनी, धर्मपाल, पदम, संदीप, संजय व रणधीर आदि उपस्थित रहे।

## हरियाणा दिवस पर होगी हरियाणवी फॉक सांग व लोकनृत्य प्रतियोगिताएं

**चरखी दादरी।** हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा दिनांक 1 से 3 नवंबर तक यवनिका ग्राउंड, सेक्टर-5 पंचकूला में हरियाणवी फोक सांग, रागनी तथा हरियाणवी लोक नृत्य (समूह) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा और लोक कलाओं को बढ़ावा देना है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के लिए स्पष्ट नियम व पात्रता निर्धारित की गई है। हरियाणवी फोक सोंग, रागनी,एकल प्रतिभागी के साथ संगीतकारों की प्रस्तुति की संख्या अधिकतम 5 होनी चाहिए।

## धरातल पर काम नजर नहीं आया तो खैर नहीं: धर्मबीर सिंह

# सांसद ने विकास योजनाओं के लिए आवंटित बजट समयावधि में खर्च नहीं होने पर अधिकारियों को लगाई फटकार, सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

सांसद धर्मबीर सिंह ने बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकास योजनाओं के लिए आवंटित बजट को निर्धारित समयावधि में खर्च करने पर देरी बरतने पर कड़ी फटकार लगाई तथा सभी विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाने का आदेश दिया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से किसान को डीएपी, गांव में गंदे पानी की निकासी, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र के लिए आवंटित बजट को त्वरित तौर पर खर्च कर आमजन को राहत पहुंचाने का दिशा निर्देश देते हुए बाढ़ड़ा में लघु सचिवालय निर्माण, कृषि क्षेत्र में ट्यूबवैल कनेक्शन में देरी बरतने, चकबंदी जैसे कामों में आपसी भाईचारे की भावना से इसे सिरे चढ़ाने की नसीहत दी। सांसद व विधायक ने हर तीन माह में प्रगति रिपोर्ट तैयार करने का भी आदेश दिया।



बाढ़ड़ा। विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते सांसद धर्मबीर सिंह अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

विधायक के फार्म हाऊस पर विकास योजनाओं की प्रगति पर आयोजित समीक्षा बैठक में सांसद धर्मबीर सिंह के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी, एसडीएम आशीष सांगवान सहित लोकनिर्माण विभाग, कृषि विपणन बोर्ड, कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, राजस्व व चकबंदी विभाग, बाढ़ड़ा, झोझू व चरखी दादरी के बीडीपीओ व पंचायत विभाग के अन्य अधिकारियों ने शिरकत की। सांसद धर्मबीर सिंह ने भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल में आवंटित धनराशि को लेकर अलग अलग विभागों के अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर किसानों को डिमांड के आधार पर समय पर डीएपी उपलब्ध करवाने, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद के द्वारा करवाए जा रहे कामों के लिए व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं के बजाय सामूहिक सुविधाओं पर खर्च करने पर मंथन किया। सांसद ने बताया कि प्रत्येक योजना की डिमांड से लेकर उसको पूरा करवाने का काम सबसे निचले स्तर के अधिकारी से होकर जाता है लेकिन बड़े स्तर का बजट जारी होने के बावजूद छोटी से लेकर बड़ी योजनाओं का पैसा खर्च नही किया जा रहा है। मुआवजा राशी की रिपोर्ट तैयार करने के अलावा ग्राम स्तर पर चकबंदी, ग्रामीण ज्ञान केन्द्र निर्माण में देरी व सड़कों के कामकाज में ग्रामीणों में आपसी विवाद पैदा हो रहा है और कई बार तो या तो एक साल तक पैसा नहीं खर्च होता या फिर लागत बढ़ जाती है और फिर लैप्स हो जाता है।

### समस्याओं का समाधान एवं योजनाओं का क्रियांवयन समय पर हो

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि दादरी जिले के बाढ़ड़ा में सांसद निधि कोष, जिला खनन कोर्ष से बड़ा बजट मिलने के बावजूद ग्रामीणों को समय पर योजनाओं को लाभ न मिलना बड़ी समस्या है, जिसको दूर करने में अधिकारी पूरी तत्परता बरतें, ताकि आमजन का विश्वास सरकार के प्रति मजबूत हो। विधायक उमेद पातुवास ने पिछले एक साल अलग अलग योजनाओं को लेकर अधिकारियों से उनके क्रियांवन पर देरी का कारण पूछा तो सभी अधिकारियों ने अपने विभाग की प्रगति रिपोर्ट पेश की, जिस पर सांसद व विधायक ने झोझूकलां के खरीद केन्द्र का टेंडर प्रक्रिया पूरा करते ही काम शुरु करवाने, लोकनिर्माण विभाग से स्वीकृत बड़े सड़क मार्गो का प्रपोजल तैयार करने, एक दर्जन गांवों में नई सड़कों व फिरनियों के निर्माण को तुरंत शुरु करवाने का आदेश दिया। बैठक में बीडीपीओ मनोज कुमार, कनिष्ट अभियंता प्रवीण कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शमशेर पंचगावां, मुंशीराम जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बिजली दोपहर एक बजे से रहेगी बंद

**भिवानी** । गुरुवार 30 अक्टूबर को सेक्टर 13 स्थित 33केवी सब स्टेशन से चलनी वाली लाइन दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेंगी, जिसके चलते इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की बिजली सप्लाई पूर्णरूप से बंद रहेगी। जेई पवन कुमार ने बताया कि गुरुवार 30 अक्टूबर को 33केवी सब स्टेशन हुडा लाइन पर खम्बे खड़े करने का कार्य किया जाना हैं, जिसकी वजह से इसके अंतर्गत आने वाले सेक्टर 13, सेक्टर 23, पटेल नगर, विद्या नगर, राजीव कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, गुजरानी गांव की बिजली सप्लाई दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक पूर्णरुप से बंद रहेगी।

### बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें नागरिक

**चरखी दादरी**। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि दिन-प्रतिदिन ठंड के बढ़ने से मौसम में निरन्तर बदलाव आ रहा है, ऐसे बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के साथ ही आमजन को एहतियात बरतनी चाहिए और शरीर में किसी भी तरह की समस्या होने पर स्वास्थ्य जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन सजग है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में बुखार, खांसी,जुकाम, एलर्जी, जोड़ों में दर्द आदि कोई भी लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सा केंद्र में स्वास्थ्य जांच करवाएं।

## नशा मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन: कोठारी

# विद्यार्थियों व शिक्षकों ने नशामुक्ति को लेकर निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव लोहानी स्थित शहीद रमेश कुमार राजकीय वमा विद्यालय में बुधवार को हरियाणा विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार व एससीईआरटी गुरुग्राम के नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य भगत सिंह कोठारी ने बताया कि नशा मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है, जो मनुष्य की सोचने व समझने की स्थिति को पूरी तरह से खत्म कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर करता है अपितु यह स्वस्थ समाज के निर्माण में भी बाधक है। कोठारी ने इस संदर्भ में तम्बाकू और नशे के अन्य माध्यमों के साथ-साथ वर्तमान समय में सबसे खतरनाक नशा मोबाइल की लत पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने युवाओं से तम्बाकू के साथ-साथ मोबाइल फोन जैसे नशे से भी दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि नशामुक्त समाज ही विकसित भारत का सपना साकार कर सकेगा। कार्यक्रम में लीगल लिटरेसी प्रभारी सतपाल डूडी ने नशे के दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों को अवगत करवाते हुए कहा कि आप स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी नशे से दूर रहने की प्रेरणा दें। इस अवसर पर शिक्षिका काजल ने नशे से दूर रहने के लिए छात्रों को शपथ दिलवाई। इस अवसर पर जगबीर ग्रेवाल, संजय, रेखा, मंजू, मीनू, सुरेंद्र शर्मा, शालिनी, सुरेंद्र राणा, प्रवीण, कृष्ण और नरेंद्र के नेतृत्व में नशामुक्त समाज रैली का आयोजन किया।

■ नशामुक्त समाज ही विकसित भारत का सपना साकार कर सकेगा : प्राचार्य



भिवानी। नशा मुक्ति पर जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। नुक्कड़ नाटक का मंचन करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### तंबाकू मुक्त स्कूली शिक्षा को लेकर निकाली जागरूकता रैली

**भिवानी।** तोशाम स्थित वीर शहीद ईश्वर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा बुधवार को तीसरे एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया। संस्कृत प्रवक्ता रामधन शास्त्री ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, सेवा भावना और नशामुक्त समाज के निर्माण की प्रेरणा जगाना रहा। प्रवक्ता रोशनलाल ने द्वीप प्रज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ज्योति रानी तथा जीव विज्ञान प्रवक्ता प्रदीप कुमार के कुशल निर्देशन में शिविर की विभिन्न गतिविधियां संचालित की। शिविर के दौरान तंबाकू मुक्त स्कूली शिक्षा विषय पर जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर समाज को सचेत करने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों का ध्यान आकर्षित किया और युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। रैली में विद्यार्थियों ने स्लोगन व नारों के माध्यम से तंबाकू विरोधी संदेश प्रसारित किए। इस दौरान अध्यापक सौरभ वधवा, ज्योति यादव, सुनीता व बलजीत उपस्थित रहे और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में युवा भारत विकसित भारत थीम के अंतर्गत सभी स्वयंसेवकों ने माय भारत पोर्टल पर क्विज में भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त किए।

### लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

**भिवानी।** भिवानी पब्लिक स्कूल ने तंबाकू मुक्त विद्यालय अभियान के तहत विभिन्न खंड स्तरीय गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पोस्टर प्रस्तुति, रैली, स्लोगन और कविता लेखन जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इन गतिविधियों से बच्चों में तंबाकू के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्हें इसके दुष्प्रभावों के बारे में पता चला। साथ ही बच्चों की रचनात्मकता को भी प्रोत्साहन मिला। स्कूल के इस प्रयास से न केवल बच्चों को लाभ हुआ, बल्कि समाज में भी तंबाकू मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने में मदद मिली। अभियान के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और उन्हें नशे की लत से मुक्ति के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हमें उम्मीद है कि ये अभियान सबके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करेगा और उन्हें नशे की लत से मुक्ति के लिए प्रेरित करेगा। निर्देशिका ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को बताते हुए कहा नशे का हमारे जीवन पर हमेशा गलत प्रभाव होता है, वह हमें भी बीमार करता है साथ में प्रकृति को भी दूषित करने का कार्य करता है। हम सबको मिलकर नशे से दूर रहने की शपथ लेनी होगी। सचिव पुलकित पाहुजा ने कहा कि नशा कैंसर संबंधी, श्वसन संबंधी और फेफड़े संबंधी अनेक बीमारियों को उत्पन्न करने वाला होता है।




भिवानी। नुक्कड़ नाटक का मंचन करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# जिला पार्षदों की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर बनी सहमति

■ जो कार्य अभी पूरे नहीं हुए उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

जिला परिषद् चेयरपर्सन अनिता मलिक की अध्यक्षता में विकास कार्यो से सम्बन्धित बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद भिवानी, कार्यकारी अभियन्ता, पंचायत राज व जिला परिषद, व सभी खण्डों से बीडीपीओ व उप-मण्डल अधिकारी, और कनिष्ठ अभियन्ता आदि विभिन्न अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने बताया कि उनके द्वारा दिये गए विकास कार्य जो अभी तक पूरे नहीं किये गए है। बैठक के दौरान उनको पूरा करने बारे विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने बजट व विकास कार्य पर चर्चा की जिस पर अधूरे कार्यों को संबंधित अधिकारी कार्यकारी अभियन्ता, पंचायती राज, कार्यकारी अभियन्ता, जिला परिषद और सम्बन्धित उप-मण्डल अधिकारी व कनिष्ठ अभियन्ता विकास कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।



तोशाम। आयोजित बैठक में विचार विमर्श करते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### हाथ उठाकर प्रस्ताव पास किए गए

चेयरपर्सन अनीता मलिक द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव पर सदन में उपस्थित सभी पार्षदों द्वारा हाथ उठाकर प्रस्ताव पास किए गये। इस दौरान उपस्थित सभी पार्षदों ने सदन सर्वसम्मती से विभिन्न प्रस्ताव पास किए जिनमें पब्लिक हेल्थ से जो गांव में सीवरेज है उनके लिए गलिया फाड़ दी जाती है क्या उनकी मरम्मत पंचायत या जिला परिषद से जी जाती है यदि नही तो इस तरह बिना अनुमति के छेडने पर अन्य विभाग पर एफआईआर दर्ज हो सकती है। तोशाम ग्राम पंचायत व बीडीपीओ ब्लॉक का रिकार्ड अभी तक नहीं आया।

### लाइटों को जल्द ठीक करवा दिया जाएगा

कार्यकारी अभियन्ता पंचायती राज द्वारा सदन में बताया गया कि सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा 5 वर्ष तक उनको ठीक करवाने का जिम्मा है उक्त लाइटों को जल्द ठीक करवा दिया जायेगा। इस दौरान चेयरपर्सन अनीता मालिक द्वारा विकास कार्य की सूचना देने बारे कहा गया तथा उन्होंने कहा कि सभी उप मण्डल अधिकारी व कनिष्ठ अभियंता (जेई) ठेकेदारों से काम शुरू करवाने से पूर्व सम्बंधित जिला पार्षद को सूचना देना सुनिश्चित करे तथा प्रत्येक विकास कार्यो का शिलान्यांश करवाया जाए तथा लगवाये जाने वाले पत्थर पर प्रधान जिला परिषद, सम्बन्धित वार्ड के पार्षद व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के सरपंच का नाम अंकित करवाया जाए।

# वेटरन संगठन ने सीबीएलयू में धरनारत छात्रों का दिया समर्थन

■ डिग्री विद्यार्थियों का हक, सीबीएलयू प्रशासन कर रहा खिलवाड़ : ग्रेवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में समाज कार्य और पत्रकारिता विभाग की स्नातकोतरडिग्री को डिप्लोमा में बदले जाने के विरोध में विश्वविद्यालय के सामने विद्यार्थियों का धरना बुधवार को 22वें दिन भी जारी रहा। इस लंबे संघर्ष को अब वेटरन संगठन भिवानी का मजबूत समर्थन मिल गया है, जिसके बाद विद्यार्थियों के हौसले बुलंद हैं। बुधवार को धरने को समर्थन देने के लिए वेटरन संगठन के प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल अपने अन्य साथियों सहित धरनास्थल पर पहुंचे। छात्र नेता सुमित बराड़ की अध्यक्षता में चल रहे धरने के दौरान पूर्व सैनिकों और विद्यार्थियों ने मिलकर सरकार और सीबीएलयू प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिससे परिसर का माहौल गरमा गया। वेटरन संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन के कदम की कड़ी निंदा की।



भिवानी। विद्यार्थियों के धरने को संबोधित करते वेटरन संगठन के पदाधिकारी।

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## एबीवीपी ने परीक्षा सामग्री के निपटान को स्थगित करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

# उत्तर पुस्तिकाओं के निपटान पर एबीवीपी ने जताया विरोध

परीक्षा परिणामों में त्रुटियों के निवारण के लिए कदम उठाना जरूरी: आशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) भिवानी ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय द्वारा दिसंबर-2023, जनवरी-2024 और दिसंबर-2024 व जनवरी-2025 में आयोजित परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं और परीक्षा सामग्री के निपटान की प्रक्रिया को कम से कम 6 महीने तक स्थगित करने की मांग की है। एबीवीपी ने चेतावनी दी कि प्रक्रिया स्थगित नहीं की तो त्रुटियों को सुधारने का मौका नहीं मिलेगा, जिससे हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। ज्ञापन के माध्यम से एबीवीपी ने मांग की कि परीक्षाओं से संबंधित प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं के निपटान के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की जा रही है।




भिवानी। परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### परीक्षा परिणाम संबंधी त्रुटियों की पुनः जांचे

संगठन ने बताया कि छात्रों को अभी भी परीक्षा परिणामों में कई त्रुटियों की शिकायतें हैं, जिनके निवारण के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का निपटान कर दिया तो परीक्षा परिणाम संबंधी त्रुटियों की पुनः जांच व सुधार संभव नहीं हो पाएगा। एबीवीपी प्रदेश संयोजक सेवार्थ विद्यार्थी आशु पालुवास व विभाग संयोजक सचिन शेखावत ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों के भविष्य की चिंता करनी चाहिए, जब तक छात्रों की सभी शिकायतें दूर नहीं हो जाती और वे परिणाम से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हो जाते, तब तक उत्तर पुस्तिकाओं को नष्ट करना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन तत्काल छह माह के लिए प्रक्रिया पर रोक लगाए। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी मांगें नहीं मानी तो एबीवीपी छात्रों के हितों की रक्षा के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। इस मौके पर ललित राज, नगर मंत्री रवि भारद्वाज, रोबिन जांगड़ा, हर्ष, आकाश गोयत, योगेश, आयुष, आशीष, रोहित, कुनाल, सागर, निखिल, मोहित, अंकित, मन्नु, मंजु आदि उपस्थित रहे।